


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 08 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 238 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# टूट के कगार पर TMC

## ममता के 21 सांसद भी कर सकते हैं पार्टी से किनारा

● केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र सिंह के साथ बैठक, शुभेंदु अधिकारी भी रहे मौजूद

● वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर ने दिया राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा



**कोलकाता।** टीएमसी के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर रे ने सोमवार को राज्यसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया और पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने ममता के 15 साल के अराजक शासन को पार्टी की हार का नतीजा बताया और भाजपा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने पहली बार भाजपा को भारी जनादेश देकर टीएमसी के 15 साल के शासन को समाप्त करने का फैसला किया है। टीएमसी शासन के दौरान व्यापक भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, उद्योगों की कमी, कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति और रोजगार के अवसरों की कमी जैसी समस्याएं लगातार बढ़ती रहीं। इधर, विधायकों के बाद अब तृणमूल कांग्रेस के सांसद भी ममता का साथ छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। आज दोपहर 21 लोकसभा सांसद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पर मीटिंग की। इस दौरान बंगाल सीएम शुभेंदु अधिकारी और सुखेंदु शेखर भी मौजूद रहे। इस मीटिंग की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें शर्मिला सरकार, प्रसून बनर्जी, कालीपद सोरेन, जगदीश बसुनिया और अरूप चक्रवर्ती नजर आए। लोकसभा में टीएमसी के 28 और राज्यसभा में 13 सांसद हैं। पिछले दिनों हुए घटनाक्रम में बंगाल के 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं। सुखेंदु ने इस्तीफे के बाद मीडिया से कहा था कि पार्टी के कई लोग ममता मनमाने ढंग से पार्टी चला रही थीं, इसी वजह से उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

### नेपाल सरहद से पकड़े गए फरार टीएमसी नेता

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेता जहांगीर खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स ने नेपाल से पकड़ा है। जहांगीर खान फालता विधानसभा सीट चुनाव लड़ने के लिए खड़े हुए थे। चुनाव के दौरान उनके बयान काफी विवाद में आए थे। यूपी के चर्चित आईपीएस अजय पाल शर्मा और जहांगीर के बीच की भी खूब चर्चा हुई थी। उन्होंने खुद को पुष्पा बताते हुए कहा था कि वह झुकेंगे नहीं।

### फिलीपींस में 7.8 तीव्रता के भूकंप के बाद 5 की मौत, कई इमारतें गिरीं

**नई दिल्ली।** दक्षिणी फिलीपींस के मिंडानाओ तट पर सोमवार को 7.8 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप के केंद्र की गहराई जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे है। भूकंप के कारण फिलीपींस और इंडोनेशिया समेत अंतरराष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों ने सुनामी की गंभीर चेतावनी जारी की है, जिसमें अभीतक 5 लोगों की मौत हो चुकी है।

### ईरान पर इजराइल का भीषण हवाई हमला, सऊदी अरब में बजे सायरन

**तेल अवीव।** ईरान द्वारा किए गए मिसाइल हमले के जवाब में इजराइल ने सोमवार तड़के ईरान के मध्य और पश्चिमी हिस्सों पर ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इस जवाबी कार्रवाई के बाद से पूरे क्षेत्र में एक बड़े क्षेत्रीय युद्ध की आशंका गहरा गई है। ईरान के सरकारी टेलीविजन की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार तड़के राजधानी तेहरान, इस्फहान, करज और तबरीज में सुनी गई।

### इजरायल पर हमले के बीच भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

**तेहरान।** ईरान में भारतीय दूतावास ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने कहा है, 'क्षेत्र में हाल की घटनाओं को देखते हुए, दूतावास सभी भारतीय नागरिकों को अपनी पहले की सलाह दोहराता है कि वे ईरान की यात्रा करने से बचें। जो भारतीय नागरिक अभी ईरान में हैं, उन्हें भी सलाह दी जाती है कि वे उपलब्ध परिवहन साधनों से देश से बाहर निकल जाएं।'

### भारत ने अफगानिस्तान को चटाई धूल, जीत के साथ रच दिया इतिहास

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान एकमात्र टेस्ट का आज तीसरे दिन का खेल खेला जा रहा है। भारत ने अफगानिस्तान की टीम को पहली पारी में 152 रन पर ढेर किया और अफगानिस्तान को फॉलोऑन दिया। भारत ने पहली पारी में 8 विकेट के नुकसान पर 564 रन बनाकर पारी घोषित की थी। तीसरे दिन के खेल में अफगानिस्तान की टीम की ओर से पहली पारी में सबसे ज्यादा रहमत शाह (60) रन बना पाए, जबकि भारत की तरफ से डेब्यूटेंट मानव सुथार ने 6 विकेट लिए। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट और सुंदर के खाते में एक सफलता आई।

### सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग व्यवस्था पर दिल्ली हाई कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा हाल ही में शुरू किए गए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) व्यवस्था में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं और कमियों का आरोप लगाते हुए नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआइ) द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को सीबीएसई से जवाब मांगा है।

### पोक में हिंसक विरोध प्रदर्शन, सात लोगों की मौत; 60 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद।** सोमवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पुलिस और एक प्रतिबंधित प्रदर्शनकारी समूह के सदस्यों के बीच हुई हिंसक झड़पों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, ये हिंसक झड़पें मुख्य रूप से रावलकोट शहर में हुईं, जिसके बाद पूरे इलाके में स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। रावलकोट के शीर्ष नागरिक अधिकारी, कमिश्नर सरदार वहीद ने बताया कि इस हिंसा में तीन आम नागरिकों की जान चली गई और 40 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### शेयर बाजार में भारी गिरावट, सेंसेक्स टूटा निफ्टी फिसली

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का दिन बेहद निराशाजनक रहा। वैश्विक स्तर पर नकारात्मक रुझानों और निवेशकों की मुनाफावसूली के कारण बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। 8 जून 2026 के कारोबारी सत्र में 'रिस्क-ऑफ' (जोखिम से बचने) के माहौल के बीच प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी धड़ाम हो गए। इस बिकवाली ने न केवल भारतीय बाजार को अपनी चपेट में लिया,



बल्कि एशियाई और यूरोपीय बाजारों में भी भारी उथल-पुथल मचा दी है। बाजार में सुबह से ही बिकवाली का भारी दबाव देखा गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स कारोबार के दौरान 700 से अधिक अंक तक लुढ़क गया। उसके बाद यह 645.51 अंकों (-0.86 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 73,597.83 के स्तर पर कारोबार करता दिखा।

### सिपाही भर्ती परीक्षा शुरू


**लखनऊ।** यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून यानी कुल तीन दिनों तक चलेगी। सोमवार से दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्रों पर जूते की बजाय चप्पल पहनकर आएं। परीक्षा को लेकर यूपी पुलिस प्रशासन पर अलर्ट मोड पर है। सीएम योगी ने सिपाही अभ्यर्थियों के लिए बसों में किराये पर 50 फीसदी की छूट का एलान भी किया है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट से 16 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए हैं।

## महंगाई, विदेश नीति और मतदाता सूची पर सरकार की घेरेबंदी

● इंडिया ब्लाक की बैठक में 23 दलों की भागीदारी का दावा, टीवीके को न्यौता नहीं



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद से अलग-थलग पड़ा विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक फिर से एक्टिव मोड में आ गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की मीटिंग का मंच सज चुका है। इस मौके पर गठबंधन में शामिल 23 पार्टियों के नेता शामिल हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और अभिषेक बनर्जी के साथ ममता बनर्जी इस बैठक में पहुंची हैं। बैठक में जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला, NCP-SCP सांसद सुप्रिया सुले समेत कई भी मौजूद हैं। वहीं, शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे ऑनलाइन जुड़े हैं। कांग्रेस ने बैठक में 23 विपक्षी दलों के शामिल होने का दावा किया है। अटकलें थीं कि तमिलनाडु में विजय की सरकार में शामिल होने के बाद TVK को बैठक में बुलाया जा सकता है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उन्हें बैठक का न्योता नहीं दिया गया है। INDIA ब्लॉक की पिछली बैठक एक जून 2024 को दिल्ली में खड़गे के घर पर हुई थी। यानी, पूरे 2 साल के बाद गठबंधन के नेता एकसाथ जुटे हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने देश के आर्थिक, सामाजिक और विदेश नीति से जुड़े कई मुद्दों को उठाया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूचियों के संशोधन को लेकर भी चिंता जताई। संविधान क्लब में आयोजित इंडिया गठबंधन की बैठक को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने महंगाई, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार की विदेश नीति समझौता करने वाली रही है और इससे देश के हित प्रभावित हुए हैं।




## विकास में आड़े आ रही नूरानी मस्जिद ढहायी जाएगी, दो मंदिर भी तोड़े जाएंगे

● मुख्य सड़क को चौड़ा करने की कवायद

● सुरक्षा के सख्त इंतजाम इंटरनेट बंद



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने शहर के नंदपुरी इलाके में विकास कार्यों के आड़े आ रहे धार्मिक स्थलों को हटाने की प्रस्तावित कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में प्रशासन की टीम ने नूरानी मस्जिद को सील कर तोड़ने की कार्रवाई का काम चालू कर दिया है। मालवीय नगर से जगतपुरा तक जाने वाली मुख्य सड़क को चौड़ा करने का प्रोजेक्ट काफी समय से चल रहा है। योजना के तहत नंदपुरी अंडरपास के पास रेलवे लाइन के साथ वाली सड़क की चौड़ाई मौजूदा 25-30 फीट से बढ़ाकर 80 फीट की जानी है। सड़क की इस निर्धारित सीमा के भीतर पांच धार्मिक स्थल आ रहे थे, जिन्हें अब हटाया जा रहा है। इनमें एक मस्जिद, दो मंदिर, एक मजार और एक सत्संग भवन शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से सड़क चौड़ीकरण का काम तो चल रहा था, लेकिन मस्जिद को छोड़ दिया गया था।

## बिजली नहीं थी, घर के बाहर सो रहे लोगों पर चढ़ा दिया ट्रैक्टर




● सात लोग गंभीर रूप से घायल, चालक भाग निकला

**सारण ( बिहार )।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र स्थित तख्त दलित टोला में रविवार की देर रात एक दर्दनाक हादसे में अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे सो रहे लोगों पर चढ़ गया। घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार दलित टोला का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला हुआ है, जिसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित है। भीषण गर्मी और उमस से परेशान होकर एक दर्जन से अधिक लोग अपने घरों के बाहर सड़क किनारे नाले के ऊपर बने हिस्से पर सो रहे थे। जब वह गहरी नींद में थे उसी वक्त एक तेज गति से आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सोए लोगों पर चढ़ गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, आसपास के लोग मौके पर दौड़े और इसी बीच चालक वहां से खिसक गया।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 42.3°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 08 जून, सोमवार 2026 (3)







## त्रुटिपूर्ण मार्कशीट के चलते हजारों विद्यार्थियों का रिजल्ट अधर में

● कहीं नाम में गलती तो कहीं जेंडर ही बदल गया

**वाराणसी।** यूपी बोर्ड के छात्रों को रिजल्ट के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि अभी मार्कशीट में संशोधन के लिए तमाम छात्र-छात्राओं ने आवेदन किए हैं। वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय से संबद्ध करीब 10 जिलों से 4697 आवेदन हैं। जिसमें अलग अलग तरीके के संशोधन हैं। किसी में छात्र के नाम में मिस्टेक है तो किसी में माता व पिता के नाम में गलती हुई। इतना ही नहीं तमाम छात्रों के जेंडर ही बदल गए हैं। अब इसमें सुधार होने के लिए छात्रों ने आवेदन दिए हैं। सबसे अधिक नाम संशोधन के 1275 आवेदन आए हैं। इसके अलावा पिता का नाम बदलवाने के लिए 1139, माता के नाम बदलवाने के लिए 974, जन्मतिथि बदलवाने के लिए 786 आवेदन आए हैं। इसी तरह 92 ऐसे छात्र और छात्राएं हैं जिनके जेंडर ही गलत चढ़ गए हैं। 431 लोगों के फोटों में बदलाव हुए हैं।

# कान में अंगुली डाल कर चेकिंग

## शर्ट की बांह खुलवायी, जूते उतरवा कर ली गयी तलाशी

● वाराणसी में 50 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा 1.32 लाख अभ्यर्थी शामिल, एआई कैमरों से निगरानी



पुलिस भर्ती परीक्षा

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आज से शुरू हो गई है। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। एंट्री से पहले कड़ी जांच हुई। अभ्यर्थियों के कपड़ों की चेकिंग हुई। जूते उतरवाकर जांच की गई। कर चेकिंग की गई। इसके अलावा सिस्टम की निगरानी AI आधारित कैमरों से की जा रही है। कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस परीक्षा में कुल 1.32 लाख अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। इसके लिए 50 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जा रही है, यानी कुल 6 पालियों में पूरी परीक्षा संपन्न होगी। प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में लगभग 22,032 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा पुलिस, एसटीएफ, एलआईयू और इंटेलिजेंस जैसी एजेंसियां भी अलर्ट मोड पर हैं। हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। सरकार की ओर से अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी गई है। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को यूपी परिवहन की बसों में एडमिट कार्ड दिखाने पर 50 प्रतिशत किराए की छूट दी जा रही है। वाराणसी के मैदागिन चौराहे स्थित हरिश्चंद्र बालिका इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी 50 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है तथा स्कैनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। सोनभद्र में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई। सुरक्षा कर्मियों ने बालों पर हाथ फेरकर, कानों के अंदर अंगुली डालकर जांच की गयी और फ्रिस्किंग के जरिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पड़ताल की गयी। नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े इंतजाम किए गए।

## मांस मछली को शहर से बाहर रखने की योजना पर पुनर्विचार करे नगर निगम : अनिल श्रीवास्तव

● शहर में और भी कई मंडिया बनायी जानी थी, उनका क्या हुआ?

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनिल श्रीवास्तव 'अन्नु' ने नगर निगम के इस निर्णय पर कि मांस मछली की दुकानें शहर के बाहर होंगी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वाराणसी नगर निगम मांस मछली के लिए अलग से मंडी देने पर विचार कर रही तो यह स्वागत योग्य है पर उसकी बिक्री शहरी सीमा में प्रतिबंधित करना उचित नहीं, मुख्य मार्ग पर व धर्म विशेष क्षेत्रों में प्रतिबंधित किया जा सकता है सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रतिबंधित करना न तो उचित है और ना ही न्यायोचित। वाराणसी शहर वर्षों से साड़ी मंडी, अनाज मंडी, सर्राफा मंडी व किराना मंडी की प्रतिक्षा कर रहा, उसकी योजना व क्रियान्वयन का क्या हुआ ? यह भी नगर निगम प्रशासन को जनता से साझा करना चाहिए, यह कार्य शहर व शहर के विकसित विकास के लिए आवश्यक हैं जिसकी प्रगति को जानना शहरवासियों का हक है।

## डा. संजय निषाद ने हमारी पहचान बनायी



● निषाद समाज ने मनाया कैबिनेट मंत्री का जन्मदिन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैविनेट मंत्री डॉ संजय निषाद का जन्म दिवस हर्षो उल्लास के साथ डॉ राजेंद्र प्रसाद घाट पर महानगर अध्यक्ष निषाद पार्टी के शिव कुमार निषाद के नेतृत्व में मनाया गया। निषाद पार्टी के महानगर अध्यक्ष शिव कुमार निषाद ने बताया कि निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद कैबिनेट मंत्री हमारे समाज के भीम राव अम्बेडकर हैं। अगर संजय निषाद नहीं होते तो आज हमारा समाज उत्तर प्रदेश में नहीं पूरे भारत में निषाद, बिंद, कश्यप, मछुआरा, केवट समाज की पहचान उजागर न हुई होती। इस मौके पर जितेंद्र कुमार निषाद बम्बू, जगदीश चौबे, बैजनाथ मांझी, गोविंद साहनी प्रकाश साहनी छोटू, बबलू कुमार भारती, चंद्रमा निषाद, सुमित कुमार बिंद उपस्थित रहे। संचालन विनोद कुमार निषाद गुरु राष्ट्रीय अध्यक्ष मां गंगा निषाद राज सेवा समिति ने किया।

# शहर से हटायी जाएंगी नॉनवेज की दुकानें

● अब गली-मुहल्लों में बंद होंगी मीट-मछली की बिक्री



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी में अब शहर के भीतर हर गली-मोहल्लों में मीट-मांस और मछली की बिक्री बंद हो जाएगी। नगर निगम ने शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने की दिशा में एक बड़ा और साहसिक निर्णय लिया है। इसके तहत अब मीट-मांस व मछली की सभी दुकानें शहर की सीमा से बाहर स्थानांतरित की जाएंगी। महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में मैदागिन स्थित टाउनहाल भवन में आयोजित सदन की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए रूपरेखा स्पष्ट कर दी गई। बैठक में शहर के चतुर्दिक विकास, अतिक्रमण और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें मीट-मछली के बाजारों को शहर के बाहरी छोर पर व्यवस्थित करने का निर्णय सबसे प्रमुख रहा।

### वाट्स-एप से घर बैठे जमा करें सम्पत्ति कर

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर निगम ने शहर के 2.33 लाख भवन स्वामियों के लिए एक अत्यंत सुविधाजनक सेवा शुरू की है। अब नागरिकों को टैक्स जमा करने के लिए नगर निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे और न ही लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ेगा। इसके स्थान पर एआई आधारित चैटबॉट (वाट्स-एप) के माध्यम से अब भवन स्वामी घर बैठे जमा करें सम्पत्ति कर (गृहकर, जलकर, सीवरकर) सकते हैं । नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि निगम भवन स्वामियों को प्रोत्साहित करने के लिए 15 जुलाई तक गृहकर, जलकर व सीवर कर जमा करने पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दे रहा है।

## हीट वेव का अलर्ट, बादलों की आवाजाही का भी संकेत



**वाराणसी।** वाराणसी में निरन्तर गर्मी का असर बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दो दिनों के बाद एक बार फिर से मौसम बदल सकता है। जबकि आर्द्रता में इजाफा होने के साथ ही वातावरण में तापमान भी बढ़ रहा है। ऐसे में आने वाले कुछ घंटों में बादलों की आवाजाही का रुख भी हो सकता है। मौसम विभाग ने भी बादलों की आवाजाही के संकेत दिए हैं। माना जा रहा है कि कुछ घंटों के बाद वातावरण का रुख बदल भी सकता है। आज सोमवार की सुबह वातावरण का रुख गर्मी की ओर रहा और सुबह से ही लोग पसीना पसीना होते नजर आए। मौसम विभाग ने पूर्व में ही हीट वेव का अलर्ट जारी कर दिया था। दूसरी ओर मौसम विभाग ने मानसून के आगमन का संकेत भी दिया है। पूर्वोत्तर तक मानसूनी बादलों की आवाजाही का रुख शुरू हो चुका है। 9 और 10 जून को 45 डिग्री तापमान के साथ लू भी चलेगी। 11 से 13 जून के बीच छिटपुट बारिश का संकेत है।

## मंदिर में चोरी का खुलासा मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के केदार घाट स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए एसीपी भेलूपुर गौरव कुमार ने बताया कि 24 अप्रैल 2026 की रात मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोरों ने मंदिर से चांदी का हार, चांदी के आभूषण, पीतल का लोटा समेत अन्य कीमती सामान चुरा लिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी राजू खान को गिरफ्तार कर लिया, जो लंका थाना क्षेत्र का निवासी है। पूछताछ में सामने आया कि राजू खान का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ चोरी के तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# बंधु संस्था ने बांटे तुलसी के पौधे

● पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बंधु संस्था द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर असि घाट पर सुबह ए बनारस के कार्यक्रम में 108 तुलसी पौधा का वितरण किया गया। डॉ अमिताभ, डॉ अरुणिमा सुजॉय भट्टाचार्य, निलाद्री भट्टाचार्य, गंधर दादा, प्रदीप सेन, प्रशांत चक्रबर्ती, शंकर नंदी, शांतनु घोषाल, प्रवीर पॉल, शांतनु चक्रबर्ती आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बंधु संस्था समाज के सभी कार्यो में अपना योगदान देती है। इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण के लिए घाटों पर लोगों को जागरूक किया गया।

## नेत्र शिविर में 164 मरीजों की जांच



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट प्रखंड पोस्ट -5 एवं आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में पहड़िया स्थित लॉन में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। डिवीजनल वार्डेन संजय कुमार राय ने शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जितेन्द्र देव सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि सहायक उप नियंत्रक विवेक कुमार राय रहे। शिविर में कुल 164 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 9 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। चिन्हित मरीजों को ऑपरेशन के लिए भर्ती कराया गया। संचालन अरविन्द विश्वकर्मा, पोस्ट वार्डेन राजेश कुमार सिंह, राजकुमार जायसवाल, कमलेश कुमार सिंह ने किया।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

# 132 भूदेव युगल का भोज सम्मान

● त्रिदेव मंदिर में सजी खाटू श्याम की अलौकिक झांकी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी लंका मार्ग दुर्गाकुंड स्थित त्रिदेव मंदिर में रविवार को त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार की ओर से अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के पावन पर्व पर 132 भूदेव युगल को विधिवत भोज करा कर किया सम्मान। सर्वप्रथम तीनों विग्रह रानी सती सालासर हनुमान जी खाटू श्यामजी की स्वदेशी फूलों से अलौकिक झांकी सजाई गई तथा अनेक प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया। तत्पश्चात आचार्य अखिलेश त्रिवेदी अरविंद शर्मा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रो का उच्चारण के साथ 132 ब्राह्मण युगलों को पश्चात भोजन कराया गया। तत्पश्चात त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के अध्यक्ष भरत सराफ मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल अनुप सराफ के साथ त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के सदस्य सभी ब्राह्मण युगल को छाता देकर सम्मानपूर्वक विदा किया गया। संस्था के अध्यक्ष भरत सराफ मंत्री राधे गोविंद केजरीवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि यह पावन पुरुषोत्तम मास में ब्राह्मणों की सेवा करनी चाहिए। संस्था के प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान ने बताया कि पिछले दो रविवार को 66 ब्राह्मण जोड़ों का सम्मान किया गया था ।

## अब आयुष पद्धति से भी मिलेगा कैशलेस इलाज



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को योजना से जोड़ा जाए, ताकि काशी एवं प्रदेशवासियों को पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से भी कैशलेस उपचार की सुविधा प्राप्त हो सके। इस निर्णय के बाद मरीजों को आयुष चिकित्सा के तहत बिना आर्थिक बोझ के गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो सकेगा। प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने मुख्यमंत्री के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में 'नया मील का पत्थर' बताया। सिगरा स्थित कैम्प कार्यालय पर मीडिया से बात चीत के बाद पीआरओ गौरव राठी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने उक्त बातें कहीं।



## बलिया समाचार

### गंगा में नहाने गया युवक डूबा, ग्रामीणों ने बाहर निकाला शव



**दया छपरा।** गोपालपुर गंगा घाट पर रविवार की सुबह स्नान करने गए अनिल पांडेय की डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नदी से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दया छपरा निवासी अनिल पाण्डेय (20) रविवार सुबह करीब छह बजे गोपालपुर गंगा घाट पर स्नान करने गए थे। प्रत्यक्षदशिर्यों के अनुसार स्नान के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गंगा के गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते वह डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों की नजर पड़ी। ग्रामीणों ने युवक को बचाने का प्रयास किया और कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से अनिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले जाया गया। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। शव घर पहुंचते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। अनिल अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। वह ढलाई मशीन पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल अमरनाथ तिवारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कीं।

## मीरजापुर समाचार

### दो बाइक की टक्कर में किशोर की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**हलिया।** हलिया लालगंज मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास दो बाइक की टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने घायलों को पीएचसी ले आए। जहां पर चिकित्सक ने किशोर सत्य प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। तीन गंभीर रूप से घायलों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। लालगंज के असमान पट्टी गांव निवासी बाइक से पवन कुमार (40) व रंजीत (39) हलिया किसी कार्य के लिए आ रहे थे। विपरीत दिशा से दिघिया गांव निवासी गोलू (17) बसुहारा गांव निवासी सत्य प्रकाश (15) के साथ हलिया से बसुहारा की ओर जा रहे थे। जैसे ही बरी पेट्रोल पंप के आगे बढ़े की दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी की मौके पर चारों गंभीर रूप से घायल हो गए।

## प्रयागराज समाचार

### सड़क हादसे में घायल महिला अधिवक्ता जागृति शुक्ला की मौत, इलाज को लेकर एसआरएन में हुआ था हंगामा



**प्रयागराज।** सड़क हादसे में घायल इलाहाबाद हाईकोर्ट की महिला अधिवक्ता जागृति शुक्ला इलाज के दौरान मौत हो गई। उनका इलाज पीजीआई लखनऊ में चल रहा था। मौत की खबर से अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा की। लिखा है कि जागृति शुक्ला की मौत अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उधर, कई सोशल मीडिया ग्रुप में भी जागृति शुक्ला की मौत पर अधिवक्ताओं ने दुख जताया है। लिखा है कि यदि एसआरएन के डॉक्टरों ने समयसे उपचार किया होता तो जान बच सकती थी। हादसे में घायल जागृति शुक्ला को उपचार के लिए जब एसआरएन ले जाया गया था तो कथित तौर पर इलाज में देरी को लेकर जूनियर डॉक्टरों से विवाद हो गया था। इसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर ओपीडी सेवा बंद कर दी थी। डॉक्टरों के खिलाफ मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले 20 जूनियर डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया था। बाद में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को भी हटा दिया गया था। बांझपन की समस्या में क्या करना चाहिए, जानिएकई दंपति सही जानकारी के बिना फैसले ले लेते हैं। समय पर सही दिशा और सही समझ बहुत जरूरी हो सकती है। जानिए क्या ध्यान रखना चाहिए।

## मऊ समाचार

### हाईस्कूल इंफ्रूवमेंट और इंटर कंपार्टमेंट परीक्षा के आवेदन 27 तक

**मऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल इंप्रुवमेंट और इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन 27 जून 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा के ऐसे परीक्षार्थी, जो किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण हैं, इंफ्रूवमेंट परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। वहीं कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किसी एक विषय में परीक्षा देने का अवसर मिलेगा। इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंट परीक्षा में मानविकी, विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग के ऐसे परीक्षार्थी, जो किसी एक विषय में अनुत्तीर्ण हैं, आवेदन कर सकेंगे।

## आजमगढ़ समाचार

### बस ने युवक को 500 मीटर तक घसीटा, मौके पर मौत, मां की तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुटी पुलिस



**आजमगढ़।** आजमगढ़ के कंधरापुर थाना क्षेत्र में रविवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि तेज रफ्तार बस ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मारने के बाद करीब 500 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कंधरापुर थाना क्षेत्र के देवपार गांव निवासी सत्यम यादव उर्फ विशाल यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 7:45 बजे सत्यम यादव अपनी मोटरसाइकिल से भदुली बाजार स्थित एक रिश्तेदार के घर जा रहा था। जब वह देवखरी के पास पहुंचा, तभी तेज गति से आ रही एक बस ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि सत्यम यादव गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद बस चालक ने वाहन रोकने के बजाय युवक को काफी दूर तक घसीटा, जिससे उसकी हालत और भी भयावह हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## भदोही समाचार

### सिलिंडर के दाम बढ़ने से 5 लाख उपभोक्ता पर महंगाई की मार

**भदोही।** अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध के कारण महंगाई बढ़ने से परिवार का पालन-पोषण मुश्किल होता जा रहा है। पेट्रोल, डीजल के बाद शनिवार को गैस सिलिंडर के दाम में 29 रुपये बढ़ा दिए गए हैं। जिले के पांच लाख उपभोक्ता पर महंगाई की मार पड़ी है। इससे गृहणियों में नाराजगी बढ़ गई है। डेढ़ महीने में दूसरी बार रसोई गैस के दाम बढ़ाए गए हैं। इससे जिले के करीब पांच लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। इसमें दो लाख से ज्यादा उज्ज्वला योजना की लाभार्थी भी शामिल हैं। रविवार से नगर के गैस एजेंसियों से 1005 रुपये की दर से प्रति सिलिंडर की आपूर्ति की गई। इसको लेकर कम गृहणियों में अधिक प्रतिक्रिया हो रही है। महिलाओं का कहना है कि सरकार को चाहिए कि अपने देश की जनता पर महंगाई का असर न पड़ने दे लेकिन इस ओर कोई ध्यान देने वाला नहीं है। जिले में सिलिंडर के दाम 976 रुपये से बढ़कर 1005 रुपये हो गए हैं।

## सोनभद्र समाचार

### ट्रैक्टर से कुचलकर सराफा कारोबारी की मौत



**रामगढ़ (सोनभद्र)।** पन्नूगंज थाना क्षेत्र के सोनवट पेट्रोल पंप के पास रविवार की दोपहर सवा एक बजे ट्रैक्टर से कुचलकर बाइक सवार सराफा कारोबारी सत्यम उर्फ राहुल सोनी (24) की मौत हो गई। पहिये के नीचे आने से सिर धड़ से अलग हो गया। पुलिस ने परिवारीजनों के पहुंचने से पहले शव मोर्चरी भिजवा दिया। इस पर परिजन और ग्रामीण भड़क गए और पन्नूगंज थाने सामने कलवारी-खलियारी (रामगढ़-खलियारी) राजमार्ग जाम कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर चला रहे वाहन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामला शांत कराना चाहा तो नाराजगी लोग शव मोर्चरी हाउस भेजने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए रामगढ़ बाजार के पचोखर नहर पहुंचे और हाईवे जाम कर दिया। एसडीएम सदर अश्वनी कुमार, एएसपी अनिल कुमार, सीओ सदर राज सोनकर, सीओ सिटी रणधीर मिश्रा, सीओ घोरावल राहुल पांडेय ने समझाने-बुझाने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान कुछ पुलिस अधिकारियों से नाराजगी जता रहे लोगों की तीखी नोकझोंक भी हुई लेकिन परिजन-ग्रामीण सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए। स्थिति को देखते हुए पन्नूगंज थाने के साथ रायपुर, रामपुर बरकोनियां, रावट्र्सगंज थाने से भी पुलिस फोर्स बना ली गई। समाचार दिए जाने तक लगभग छह घंटे से जाम की स्थिति बनी हुई थी।

पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराने में जुटे हुए थे। ओवरटेक करते हुए ट्रैक्टर की चपेट में आ गया बाइक सवार पन्नूगंज गांव निवासी राहुल खड्डुई गांव की तरफ आया हुआ था। वहां से घर लौट रहा था। सोनवट पेट्रोल पंप के पास ओवरटेक करते समय वह ट्रैक्टर की चपेट में आ गया।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक भाग निकला। परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि घटनास्थल से घर महज 200 मीटर दूर था। बावजूद उन्हें सूचना दिए बगैर पुलिसकर्मी शव लेकर मोर्चरी हाउस चले गए। मांग की कि ट्रैक्टर चालक की तत्काल गिरफ्तारी करने के साथ शव को वापस लाया जाए।

## चंदौली समाचार

### सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आया वृद्ध, मौत

**चंदौली।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित मझवार रेलवे स्टेशन के समीप नेशनल हाईवे-19 पर रविवार को सड़क हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। वह सड़क पार कर रहे थे।

हादसा इतना भीषण था कि शुरुआत में शव की पहचान करना भी मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान हो सकी। सैयदराजा थाना क्षेत्र के फुटिया गांव निवासी लालचंद (65) रविवार को मझवार रेलवे स्टेशन जाने के लिए नेशनल हाईवे-19 पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्ध की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव को सुरक्षित रखकर घटना की सूचना परिजनों को भी दे दी।

## गोरखपुर समाचार

### होल्डिंग एरिया में न बत्ती न पंखा, कारपेट पर सोए UP पुलिस भर्ती के परीक्षार्थी



**गोरखपुर।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रविवार की रात रेलवे स्टेशन पर जुट गई। स्टेशन परिसर में बनाए गए अस्थायी होल्डिंग एरिया में देर रात तक न तो बिजली का इंतजाम था और न ही बिस्तर व पानी की व्यवस्था। उमसभरी गर्मी में परीक्षार्थी परेशान रहे और बिछाए गए कालीन पर ही सो गए। हालांकि, रेल प्रशासन का कहना है कि सुबह से बिजली, पानी और कुर्सी के इंतजाम की तैयारी की गई थी, रात में विद्यार्थी ज्यादा आ गए। रात 12 बजे के बाद बिजली और पानी का इंतजाम शुरू किया गया। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए गोरखपुर से लखनऊ, वाराणसी और आजमगढ़ के लिए सात परीक्षा स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं हैं। वहीं, रेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिन में मंथन किया। 30 रेलकर्मियों, 45 आरपीएफ और 50 जीआरपी सिपाही की ड्यूटी लगाई गई है। फुट ओवरब्रिज और भीड़ वाली जगहों पर आरपीएफ, जीआरपी और रेलवेकर्मी तैनात रहेंगे। स्टेशन डायरेक्टर रमनदीप गुप्ता ने बताया कि सोमवार सुबह से होल्डिंग एरिया में कुसिर्यां भी लगाई जाएंगी। भीड़ नियंत्रण को लेकर किए गए इंतजाम की निगरानी के लिए स्टेशन और मुख्यालय में दो वार रूम बनाए गए हैं। दोनों ही जगहों पर ऑनलाइन निगरानी के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। रविवार पूरी रात वार रूम से ही अधिकारियों ने जिम्मेदारों को निर्देश दिए। स्टेशन परिसर में रेल प्रशासन को बैठने, सोने का इंतजाम करना चाहिए।

## गाजीपुर समाचार

### 6 मिनट 23 सेकंड में 651 नारियल फोड़कर धर्मेंद्र ने बनाया रिकॉर्ड



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर स्थित एक इंटर कॉलेज मैदान में रविवार को कोकोनट मैन के नाम से प्रसिद्ध धर्मेंद्र राजभर ने 6 मिनट 23 सेकेंड में 651 नारियल फोड़कर कीर्तिमान स्थापित किया। निर्धारित लक्ष्य सात मिनट के भीतर 651 नारियल फोड़ने का था, इसे उन्होंने तय समय से पहले पूरा कर दिया। आयोजक संजय राजभर ने बताया कि मूल रूप से बहराइच के निवासी धर्मेंद्र राजभर किसान परिवार से आते हैं। नारियल फोड़ने के क्षेत्र में उनके नाम पहले से कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। धर्मागतपुर में बनाया गया यह नया रिकॉर्ड क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

## जौनपुर समाचार

### गड्ढे में सिर के बल गिरने से वृद्ध की मौत, सदमे में चचेरे बड़े भाई ने भी तोड़ा दम, गांव में मातम



**जौनपुर।** शाहगंज क्षेत्र के परासिन गांव में रविवार को हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया। बीमार चचेरे बड़े भाई का हालचाल लेकर लौट रहे छोटे भाई की गड्ढे में गिरकर मौत हो गई।

वहीं, देर रात जब बड़े भाई को इस दुखद घटना की जानकारी मिली तो उन्हें गहरा सदमा लगा और उनकी भी जान चली गई। कुछ ही घंटों के भीतर एक ही परिवार के दो बुजुर्ग भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। ग्राम प्रधान कृष्ण प्रताप सिंह के अनुसार, परासिन गांव निवासी राम नारायण प्रजापति (70) रविवार को अपने चचेरे बड़े भाई राम दवर (85) का हालचाल जानने उनके घर गए थे। राम दवर लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। शाम करीब छह बजे राम नारायण उनसे मिलकर अपने घर लौट रहे थे।

इसी दौरान गांव के पास स्थित एक गहरे गड्ढे के समीप उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सिर के बल उसमें गिर पड़े बताया गया कि गड्ढे में दलदल भरा हुआ था, जिससे वह बाहर नहीं निकल सके और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद राम नारायण का शव गड्ढे में मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

उधर, देर रात जब राम नारायण की मौत की सूचना उनके बीमार चचेरे भाई राम दवर को मिली तो वे गहरे सदमे में आ गए। परिजनों के मुताबिक, खबर सुनते ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें हृदयाघात जैसा दौरा पड़ा। परिवार के लोग उपचार की व्यवस्था कर पाते, उससे पहले ही उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

एक ही परिवार में कुछ घंटों के भीतर दो मौतों से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर ने बताया कि मामला संज्ञान में है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## देवरिया समाचार

### देवरिया में 16 चिकित्साधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा, देते रहेंगे यह सेवाएं




**देवरिया।** जिले के 16 सीएचसी व पीएचसी के अधीक्षकों और प्रभारियों ने अपने प्रशासनिक पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इन सभी ने सीएमओ पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। चिकित्साधिकारियों के इस कदम से प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सीएमओ ने शुक्रवार को भाटपार रानी पीएचसी प्रभारी समेत सात चिकित्साधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया था। शनिवार को लार, रुद्रपुर, भाटपार रानी, तरकुलवा, गौरी बाजार और पथरदेवा समेत जिले के विभिन्न सीएचसी और पीएचसी के अधीक्षकों और प्रभारियों ने सीएमओ से मिलकर सामूहिक इस्तीफा दे दिया। इन स्वास्थ्य अधिकारियों ने अपने इस्तीफे में कहा है कि जिले में डॉक्टरों की भारी कमी है। 215 स्वीकृत पदों के सापेक्ष महज 103 डॉक्टर कार्यरत हैं। डॉक्टरों की संख्या आधे से भी कम होने के बावजूद वे पूरी निष्ठा के साथ 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। सीमित संसाधनों और कम संख्या के बावजूद इमरजेंसी, पोस्टमार्टम और राष्ट्रीय कार्यक्रमों को संपन्न कराते आ रहे हैं। इसके साथ ही आरोप लगाया है कि विपरीत परिस्थितियों में काम करने के बाद भी उन्हें सीएमओ मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। इस्तीफे में चिकित्साधिकारियों ने कहा है कि वे सिर्फ प्रशासनिक पदों से इस्तीफा दे रहे हैं ताकि व्यवस्था के मानसिक दबाव से मुक्त हो सकें। मरीजों के हित में वे मूल चिकित्सकीय कार्यों को पहले की तरह करते रहेंगे।

पिछले दिनों बैतालपुर और भाटपार रानी स्वास्थ्य केंद्र की डीएम ने जांच की थी। दोनों अस्पतालों में बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित पाए गए थे। डीएम के आदेश पर कमिञ्यों से जवाब-तलब किया गया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### सुल्तानपुर में युवक की संदिग्ध हालत में मौत:बेटे के साथ सोने गए थे, देर रात कमरे में फंदे से लटका मिला शव



**सुल्तानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बसौहा गांव में सोमवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, बसौहा गांव निवासी 29 वर्षीय रंजीत कुमार, पुत्र छोटेलाल कुमार, रविवार रात अपने चार वर्षीय पुत्र आर्यांश के साथ घर के कमरे में सो रहे थे। परिजनों ने बताया कि देर रात लगभग एक बजे उनका शव घर के भीतर छत के पंखे से साड़ी के सहारे लटका हुआ मिला। इसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया और घटना की सूचना आसपास के लोगों व पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची गोसाईगंज थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आवश्यक पूछताछ और पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक रंजीत कुमार अपने पीछे पत्नी किरण कुमारी और चार वर्षीय पुत्र आर्यांश को छोड़ गए हैं। गांव में इस घटना को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, पुलिस अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। गोसाईगंज थानाध्यक्ष अखंड देव मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर के निर्देशन में पुलिस सभी पहलुओं पर गौर कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस फिलहाल आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है और मामले की गहन जांच जारी है।

### सुल्तानपुर में मोहर्रम पर पीस कमेटी की बैठक

**सुल्तानपुर।** आगामी मोहर्रम त्योहार के मद्देनजर रविवार शाम को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पीस कमेटी की बैठक की।

इस बैठक में सामाजिक संगठनों, व्यापारी नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। यह बैठक गोसाईगंज थाने में उप जिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह और गोसाईगंज थाना प्रभारी अखंड देव मिश्र भी मौजूद रहे।

## लाइफ मंत्र

### 27 या 28 अगस्त? जानें भाई की कलाई पर राखी बांधने का सबसे सटीक शुभ मुहूर्त और सही विधि



भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का महापर्व रक्षाबंधन हर साल सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। साल 2026 में इस त्यौहार की तारीख को लेकर उलझन की स्थिति बनी हुई है कि राखी 27 अगस्त को बांधी जाएगी या 28 अगस्त को। शास्त्रों और पंचांग की गणना के अनुसार, इस बार भद्रा और पूर्णिमा की उदया तिथि के कारण सही समय का चयन करना बेहद जरूरी है।

**कब है रक्षाबंधन? तिथि को लेकर न हों भ्रमित**

पंचांग के अनुसार, श्रावण पूर्णिमा की तिथि 27 अगस्त 2026 को सुबह 09:09 बजे शुरू हो जाएगी और इसका समापन 28 अगस्त 2026 को सुबह 09:48 बजे होगा। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, त्यौहार हमेशा 'उदया तिथि' (सूर्योदय के समय जो तिथि हो) में मनाना श्रेष्ठ होता है। चूंकि 28 अगस्त की सुबह पूर्णिमा तिथि विद्यमान रहेगी, इसलिए रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को ही मनाया जाना शास्त्रसम्मत है।

**राखी बांधने का शुभ मुहूर्त**

इस साल बहनों को भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने के लिए सुबह का समय सबसे उत्तम रहेगाः

शुभ समयः सुबह 06:10 बजे से लेकर सुबह 09:48 बजे तक।

कुल अवधिः 3 घंटे 37 मिनट।

**सावधान! राहुकाल में न बांधें राखी**


ज्योतिष शास्त्र में राहुकाल को किसी भी मांगलिक कार्य के लिए अशुभ माना जाता है। 28 अगस्त 2026 को राहुकाल सुबह 10:58 बजे से दोपहर 12:34 बजे तक रहेगा। बहनों को सलाह दी जाती है कि वे इस समय अवधि में राखी बांधने से बचें और सुबह 09:48 बजे से पहले ही पूजा संपन्न कर लें।

**राखी बांधने की विधि**

रक्षाबंधन का त्यौहार समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का कार्य करता है। संसार भर में यह अनूठा पर्व है। इसमें हमें देश की प्राचीन संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। राखी के धागों का संबंध मन की पवित्र भावनाओं से है। यह जीवन की प्रगति और मैत्री की ओर ले जाने वाला एकता का एक बड़ा पवित्र पर्व है।

**प्रातः** स्नानादि से निवृत्त हो जाएं। अब शुभ मुहूर्त में घर के किसी भी पवित्र स्थान को गोबर से लीप दें। लिपे हुए स्थान पर स्वस्तिक बनाएं। स्वस्तिक पर तांबे का पवित्र जल से भरा हुआ कलश रखें। कलश में आम के पत्ते फैलाते हुए जमा दें। इन पत्तों पर नारियल रखें। कलश के दोनों ओर आसन बिछा दें। (एक आसन भाई के बैठने के लिए और दूसरा स्वयं के बैठने के लिए)। अब भाई-बहन कलश को बीच में रख कर आमने-सामने बैठ जाएं। इसके पश्चात कलश की पूजा करें। फिर भाई के दाहिने हाथ में नारियल तथा सिर पर टॉवेल या टोपी रखें। अब भाई को अक्षत सहित तिलक करें। इसके बाद भाई की दाहिनी कलाई पर राखी बांधें। फिर भाई को मिठाई खिलाएं, आरती उतारें और उसकी तरक्की व खुशहाली की कामना करें। भाई राखी बंधवाने के पश्चात बहन के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त करे और उपहार दे। इसके पश्चात घर की प्रमुख वस्तुओं को भी राखी बांधें। जैसे- कलम, झूला, दरवाजा आदि।

## तपती गर्मी में स्टाइल से न करें समझौता, ये 5 Cotton Kurta देंगे आराम



तपती गर्मी में स्टाइलिश और आरामदायक लुक के लिए कॉटन कुर्ता सबसे बेहतरीन विकल्प है। जानिए योक डिजाइन, बंधनी प्रिंट और स्लीवलेस पैटर्न वाले 5 लेटेस्ट कुर्ता डिजाइंस, जो डेली वियर, ऑफिस और कॉलेज के लिए परफेक्ट हैं। गर्मियों में आरामदायक कपड़े पहनना हर किसी को पसंद होते हैं। चिपचिपी वाली गर्मी और पसीना से अच्छे-अच्छे परेशान हो जाते हैं। इस मौसम में हैवी और मोटे फैब्रिक वाले कपड़ों से हम सभी परेशान हो जाते है। भीषण गर्मी में सिर्फ हल्के और हवादार आउटफिट पहनने के मिल जाए, तो सुकून मिल जाता है। अगर आप तपती गर्मी में आरामदायक महसूस करना चाहते हैं, तो इस लेख में हम आपके लिए कुछ क़ॉटन कुर्ते के लेटेस्ट डिजाइन लेकर आए हैं, जो कि गमिर्यों में पहनने केलिए सबसे बेस्ट है।

**ब्लू योक डिजाइन कॉटन स्ट्रेट कुर्ता**

समर सीजन में आप जरा कुछ हटकर ट्राई करना चाहती है, तो आप योक डिजाइन कॉटन स्ट्रेट कुर्ता को ट्राई कर सकती हैं। ढीले-ढाले आउटफिट की खोज में तो इस तरह के कुर्ते सबसे बेस्ट होते हैं। इसे आप ऑफिस में भी पहन सकती है या फिर कॉलेज पहनकर भी जा सकती हैं।

**रस्ट बूटी प्रिंटेड कॉटन स्ट्रेट कुर्ता**

गर्मियों में आरामदायक और फैशनेबल बनें रहने के लिए आप इस तरह की कुर्ती को खरीद सकते हैं। आपको ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन भी रस्ट बूटी प्रिंटेड कॉटन स्ट्रेट कुर्ता मिल जाएंगे। आप इसको जींस या लेगिंग के साथ पेयर कर सकते हैं और यह कुर्ती आपको एकदम परफेक्ट लुक देगी।

**क्रीम रंग का कढ़ाईयुक्त स्लीवलेस कुर्ता**

कॉलेज से लेकर ऑफिस में स्टाइलिश दिखने के लिए आप इस तरह की कुर्ती को जरुर खरीदें। यह समर के लिए एकदम लाइट और आरामदायक कुर्ता है। अपने फैशन वॉर्डरोब में क्रीम रंग का कढ़ाईयुक्त स्लीवलेस कुर्ता को शमिल कर सकते हैं। यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा और सबकी निगाहें आप पर बनीं रहेगी।

**सरसों के रंग का कॉटन कुर्ता**

रोजाना ऑफिस के लिए आप लाइट और आरामदायक कुर्ता की तलाश में है, तो आप बटर येलो कॉटन कुर्ता को जरुर खरीदें। यह आपके लुक को एन्हांस करेगा। यह एकदम डिफरेंट लुक देगा और आप इस कुर्ती बेहद कमाल की नजर आएंगी। इसको आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं।

**मैरून और सफेद बंधनी प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ता**

आजकल बंधनी प्रिंट काफी ट्रेंड में बना हुआ है। ऐसे में समर सीजन में खुद को कंफर्टेबल और स्टाइलिश बनाने के लिए आप मैरून और सफेद बंधनी प्रिंटेड स्ट्रेट कुर्ता को वियर कर सकते हैं। ऑफिस से लेकर कॉलेज में जलवा बिखरने के लिए आप इस तरह का कुर्ता खरीद सकते हैं। यह आपके ऊपर एकदम परफेक्ट लगेगा।



# गर्मी में चिपचिपाहट से बाल हो रहे खराब? ये हल्के तेल लौटाएंगे खोई हुई चमक

**गर्मियों के मौसम में बालों में तेल लगाने से लोगों को चिपचिपाहट महसूस होती है। ऐसे में आप इस समस्या से बचने के लिए हल्के ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह बालों के लिए भी फायदेमंद होते हैं।**

हर किसी की यह चाहत होती है कि उनके बाल लंबे, घने और शिल्की हों। ऐसे में हर मौसम में बालों का खास ध्यान रखना चाहिए। वहीं बालों को घना और लंबा बनाने के लिए और जड़ों को गहराई से पोषण देने के लिए बालों की ऑयलिंग की जाती है। लेकिन गमिर्यों के मौसम में बालों में तेल लगाने से लोगों को चिपचिपाहट महसूस होती है। ऐसे में आप इस समस्या से बचने के लिए हल्के ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह बालों के लिए भी फायदेमंद होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि गर्मी और चिपचिपाहट के मौसम में कौन सा हेयर ऑयल सबसे बेहतर होता है।

कौन से ऑयल लगाना चाहिए गर्मी के मौसम में बालों के लिए सबसे अच्छे ऑयल वह माने जाते हैं, जो हल्के और चिपचिपे महसूस नहीं होते हैं। यह ऑयल स्कैल्प में तेजी से एब्जॉर्ब होते हैं, जोकि बालों को ऑयली और भारी दिखाए बिना हेल्दी रखने में मदद करते हैं। वहीं उमस भरे मौसम में कई लोग कम मात्रा में नारियल तेल, जोजोबा ऑयल, आर्गन ऑयल जैसे तेलों को लगाया जा सकता है।

**जोजोबा ऑयल**

इस ऑयल को सबसे हल्के बालों के तेलों के रूप में से एक माना जाता है। क्योंकि इसकी बनावट एक तरह से स्कैल्प के अपने नेचुरल तेल से मेल खाता है। यह स्कैल्प को नमी देने के साथ पोर्स को भी नहीं बंद करता है। जिससे ज्यादा चिपचिपापन महसूस नहीं होता है। यह ऑयल उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जिनकी ऑयली स्कैल्प है, जिनको डैंड्रफ की समस्या है। या जिन लोगों को पसीने से जलन या दिनभर की थकान के बाद स्कैल्प पर दिखने वाली रेडनेस हो जाती है।

**आर्गन ऑयल**

गर्मियों के मौसम में आर्गन ऑयल भी एक अच्छा ऑप्शन है। यह विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जोकि बालों के बेजानपन, रूखेपन और गर्मी से होने वाले नुकसान को कम करता है। ऑर्गन ऑयल बालों को मुलायम बनाता है। वहीं इसको लगाने पर चिपचिपी परत भी नहीं होती है। जोकि उमस भरे मौसम में मायने रखता है। भारतीय मौसम के हिसाब से काफी लोग रात भर बालों में तेल की मोटी परत लगाकर रखने की जगह बाल धोने से कुछ समय पहले हल्की मात्रा में नारियल तेल लगाना पसंद करते हैं।

**खुशबू वाले तेल का न करें इस्तेमाल**

इसका कारण यह है कि यह बालों को पोषण तो देता है, लेकिन एक्स्ट्रा पसीने और गंदगी को भी जमा होने से रोकता है। ऐसा तब हो सकता है, जब तेल लंबे समय तक बालों में लगा रहे। वहीं उमस भरे मौसम में गाढ़े तेल या फिर खुशबू वाले तेलों के इस्तेमाल से बचना चाहिए। क्योंकि यह गंदगी को अपनी तरफ खींचते हैं और डैंड्रफ की समस्या हो बढ़ा सकते हैं। वहीं यह ऑयल स्कैल्प में असहजता पैदा कर सकते हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान**

जब आप बालों में हल्के तेलों को लगाने के साथ-साथ नियमित रूप से स्कैल्प की सफाई करते हैं। तो गर्मियों और मानसून में भी आपके बाल ज्यादा हेल्दी और ताजगी भरे रहते हैं। भले ही कितना मौसम हर तरफ नमी और गर्मी का माहौल क्यों न हो।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762



मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने (नियर ताज होटल) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

## आपकी Kitchen में छिपा है Tanning हटाने का राज! पाएं Glowing Skin और खूबसूरत पैर



गर्मी की टैनिंग हटाने के लिए अब सैलून जाने की जरूरत नहीं, घर पर ही रसोई में मौजूद चंदन, टमाटर और नींबू से खास पेस्ट बनाएं। यह असरदार घरेलू पेडीक्योर पैरों और हाथों से टैनिंग हटाकर त्वचा को साफ, मुलायम और चमकदार बनाता है।

गर्मी के दिनों में तेज धूप के कारण त्वचा पर टैनिंग होना एक आम समस्या बन जाती है। इससे छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के घरेलू और ब्यूटी ट्रीटमेंट्स का सहारा लेते हैं।

यदि आप भी टैनिंग से परेशान हैं, तो अब चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। पैरों की त्वचा को साफ, मुलायम और आकर्षक बनाने के लिए आप बिना सैलून जाए घर पर ही आसान तरीके से पेडीक्योर कर सकते हैं। आइए जानते हैं घर पर पेडीक्योर करने की सरल विधि।

**टैनिंग कम करने के लिए खास होममेड पेस्ट**

ब्यूटी एक्सपर्ट ने बताते हैं कि, पैरो की खूबसूरती बढ़ाने के लिए महिलाएं अक्सर सैलून में जाकर खूब पैसा खर्च कर देती है। अब आप अपनी खूबसूरती को बढ़ाने के लिए और टैनिंग को कम करने के लिए घर पर ही पैरो-हाथों से टैनिग को रिमूव कर सकती है। आइए आपको इस पेस्ट को बनाने के लिए कुछ जरुरी सामग्री बताते हैं।

**पेस्ट बनाने के लिए सामग्री**

- नींबू का रस
- चंदन पाउडर
- टमाटर का पल्प

**पेस्ट बनाने का तरीका**

- इसके लिए आप एक कटोरी में चंदन पाउडर निकाल लेना है।
- अब इसमें थोड़ा टमाटर का पल्प को मिला लें।
- इसके बाद इन दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें और अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस मिला लें।
- इन सभी सामग्री को अच्छे से मिक्स कर लें और यह आपका पेस्ट तैयार है।
- इसे आप एक हफ्ते में 2 बार जरुर इस्तेमाल करें।
- इससे हाथों की टैनिंग कम होगी और आपके हाथ भी खूबसूरत बने रहेंगे।
- इस पेस्ट को आप हाथों के अलावा पैर, गर्दन और घुटनों पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं।
- यदि आप इस पेस्ट को पहली बार इस्तेमाल कर रही है, तो पहले पैच टेस्ट जरुर करें।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
काशी रत्न काशी भूषण
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only | Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170